RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 113 | SUNDAY DATE 17-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

यत्र-तत्र-सर्वत्र अब, लगे हुए हैं ढेर।
बढ़ जायेंगे और भी, अगर लगाई देर।
अगर लगाई देर, नौकरी दें सरकारी।
छोटी-सी तनखाह, आपको लगती भारी।
कह साहिल कविराय, स्वयं को पेंशन-भत्ता।
हम कोने में बैठ, चाटते सूखा पत्ता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# बेटियों की शिक्षा पूरे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला: रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

श्रीमती गुप्ता ने आज आर. के. पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गई ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें।

उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं।

उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।

हर वर्ष लगभग 1.30 लाख छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश लेती हैं और साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोचिंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी।

गर्मियों की छुट्टी के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आर. के. पुरम के विधायक अनिल शर्मा और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजना लागू होने से पहले ही 500 से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्होंने समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने रोटरी क्लब सहित सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की बैलगाड़ी यात्रा: केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** राजधानी दिल्ली में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी नेताओं ने प्रतीकात्मक बैलगाड़ी यात्रा निकालकर पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों पर अपनी नाराजगी जाहिर की है।इस दौरान सरकार पर आम जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देविंदर यादव के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। उन्होंने पारंपरिक बैलगाड़ी पर सवार होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर कहा कि बेलगाम महंगाई ने आम लोगों का जीवन दूभर किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ रहा है। दूध, सब्जियां, रसोई गैस और अन्य घरेलू सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### विवादित बयान मामले में आजम खान को 2 साल की जेल, 20 हजार जुर्माना

**रामपुर, यूटर्न/ 16 मई।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान को विवादित बयान मामले में हाल ही में बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें दोषी करार देकर दो साल कैद की सजा सुनाई है और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा है, जब आजम खान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी थे। भोट थाना क्षेत्र में रोड शो के दौरान आजम खान ने तत्कालीन जिलाधिकारी (डीएम) पर निशाना साधकर एक आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया था।

# भारत अवसरों की भूमि है, जो तकनीक और मानवता दोनों से प्रेरित है: मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत को अवसरों की धरती बताते हुए कहा कि देश तकनीक और मानवता, दोनों की ताकत से आगे बढ़ रहा है। द हेग में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे दौर में भारत नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग की एक अहम ताकत बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत अवसरों की धरती है, जो तकनीक और मानवता दोनों से प्रेरित है।' प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी और दुनिया में जारी संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा, 'यह दशक दुनिया के लिए चुनौतियों का दशक बनता जा रहा है।' उन्होंने उभरती भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय समन्वय और साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत और नीदरलैंड ऊर्जा सुरक्षा और जल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सहयोग बढ़ा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि दोनों देश वैश्विक स्तर पर और अधिक करीब से काम कर सकते हैं और बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स हासिल करने के लिए मिलकर सहयोग कर सकते हैं।

यूरोप के साथ भारत की बढ़ती आर्थिक भागीदारी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों पक्षों के संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, 'नीदरलैंड उन भारतीय व्यवसायों के लिए एक स्वाभाविक प्रवेश द्वार बन सकता है जो यूरोप में विस्तार करना चाहते हैं।' प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासी समुदाय की भूमिका की भी सराहना की और कहा कि यह समुदाय दोनों देशों के बीच एक भरोसेमंद सेतु का काम करता है और लोगों के बीच संबंधों और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उत्साहित भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां मिले प्यार और उत्साह ने उन्हें ऐसा महसूस कराया जैसे वह भारत के किसी उत्सव में शामिल हों। उन्होंने कहा, 'इतना प्यार और उत्साह देखकर मैं कुछ पल के लिए भूल गया कि मैं नीदरलैंड में हूं।'

## भारत बड़े सपने देख रहा है, युवा एआई और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में नेतृत्व करना चाहते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अब बड़े सपने देख रहा है और देश के युवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में देश को आगे ले जाने की आकांक्षा रखते हैं। द हेग में एक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है और तकनीक, नवाचार तथा डिजिटलीकरण के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत बड़े सपने देख रहा है। भारत के युवा एआई और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ाने का सपना रखते हैं।'



# तरनजीत सिंह संधू ने 101 जल निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए डीडीए कैंपन किया शुरू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शनिवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के 'जल संचय अभियान' का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य 101 जल निकायों का पुनरुद्धार करना है। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी। , संधू ने कहा, 'पहले चरण में मानसून के दौरान भूजल पुनर्भरण को अधिकतम करने के लिए गहरी गाद निकालने और जलग्रहण क्षेत्र की सफाई के माध्यम से कार्यात्मक पारिस्थितिक बहाली को प्राथमिकता दी जाएगी।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घकालिक जल सुरक्षा के दृष्टिकोण के अनुरूप यह अभियान दिल्ली के 'ब्लू लंग्स' को पुनर्जीवित करने और शहर के पारिस्थितिक लचीलेपन को मजबूत करने का प्रयास करता है। एलजी संधू ने दिल्ली के पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि शहर में दीर्घकालिक जल सुरक्षा, भूजल पुनर्भरण और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल महज सौंदर्यीकरण का प्रयास नहीं है, बल्कि पारिस्थितिक बहाली और टिकाऊ शहरी विकास की दिशा में एक केंद्रित प्रयास है।

# गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 16 मई।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना। उनके प्रार्थना पत्र लिए और पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद का अनुरोध करने आए थे। एक महिला ने अपने बच्चे के इलाज में आर्थिक दिक्कत और आयुष्मान कार्ड न होने की समस्या बताई।

# आंधी-तूफान की तबाही और महंगाई की दोहरी मार, सरकार दे राहत : मायावती

» **लखनऊ, यूटर्न/ 16 मई।**




बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हाल में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई तबाही और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद देने और महंगाई पर तत्काल नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से हुई जान-माल की भारी तबाही से प्रभावित लोगों / परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार को अपनी पूरी उदारता बरतते हुये हर प्रकार से उनके सहयोग के लिये आगे आना चाहिये ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुये पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी ज़िन्दगी शुरू कर सकें।

उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही, खासकर पेट्रोलियम पदार्थों आदि, इन आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में अनवरत वृद्धि को जारी रखते हुये केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल आदि की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों व मेहनतकश परिवारों, खेती-किसानी आदि के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह से प्रभावित करेगा, अर्थात इस महंगाई का सीधा असर इन सबके परिवार के पालन-पोषण पर पड़ेगा।

# 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' जब्त, अमित शाह बोले- बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** केंद्र सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक को अंजाम देते हुए पहली बार 'जिहादी ड्रग' कहे जाने वाले 'कैप्टागन' की बड़ी खेप जब्त की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत एजेंसियों ने 182 करोड़ रुपए कीमत की 'कैप्टागन' ड्रग बरामद की है। इस कार्रवाई में एक विदेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार 'ड्रग-फ्री इंडिया' के संकल्प के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



उन्होंने इस कार्रवाई को भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का मजबूत उदाहरण बताया। अमित शाह ने कहा कि भारत अपनी जमीन का इस्तेमाल ड्रग्स की तस्करी के लिए किसी भी हाल में नहीं होने देगा और देश में आने या यहां से बाहर भेजे जाने वाले हर एक ग्राम नशीले पदार्थ पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारम्भ

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 16 मई। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 16 व 17 मई को आदिबद्री में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सर्वप्रथम सरस्वती उद्गम स्थल श्री आदिबद्री नारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की तरक्की की कामना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसके उपरांत प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस मौके पर हरियाणा के विकास कार्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले साढ़े 11 वर्षों में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए हैं। पिछले विधानसभा चुनावों के संकल्प-पत्र के 217 में से 61 वादों को पूरा कर लिया है तथा 120 वादों पर काम प्रगति पर है। बहनों-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 9 लाख 76 हजार बहन-बेटियों को 1 हजार 415 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के लगभग 14 लाख 38 हजार पात्र बहनों के बैंक खातों में कुल 243 करोड़ रुपये की राशि डाली जा चुकी है।

इस पंडित दिनदयाल उपाध्याय महाभियान में दूसरे सत्र रोजी मालिक जी ने लिया उन्होंने अपने विषय में कार्यकर्ता का विकास कसे होता है उन्होंने बताया भाजपा एक परिवार की तरह काम करता है और कसे कार्यकर्ता को आगे बढ़ कर अपने काम को करके आगे बढ़ना है तीसरे सत्र में मुकेश गोड़ ने अपना विषय इतिहास पर बात की उन्होंने बताया की भाजपा का गठन कब हुआ कसे 2 सीटो पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है भाजपा का जो नारा है सबका साथ सबका विकास जो मोदी जी का नारा है और भी महत्वपूर्ण विषय रखे।

# निर्माण स्थानों पर खोदे हुए गड्ढों से बढ़ रहा हादसों का खतरा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 16 मई।** इंदिरापुरम में सड़कों पर इन दिनों नाले और सीवर लाइन का निर्माण कार्यों के लिए खोदाई तो कर दी, लेकिन वहां पर सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग करना भूल गया। ज्यादातर सड़कों के किनारे पर खोदाई करके कई फीट गहरे गड्ढों बने हुए हैं, लेकिन कई माह बाद भी निगम की ओर से कोई कदम सुरक्षा के लिए नहीं उठाया। निगम की लापरवाही से किसी भी दिन हादसा हो सकता है।

नोएडा में युवराज और हर्षित की मौत के बाद जिले में भी खतरनाक स्थानों को चिह्नित कर इन जगहों पर सुरक्षा के इंतजाम करने के दावे किए गए थे। निगम ने खतरनाक स्थानों पर सिर्फ बांस-बल्ली लगाकर खानापूर्ति की। इंदिरापुरम के इलाकों में नवंबर-दिसंबर से सीवर-नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके साथ ही इंदिरापुरम में इसी साल चार मार्गों को आर्दश सड़क बनाने की परियोजना की भी शुरूआत की गई थी। वहीं, कुछ इलाकों में सीवर लाइन बदलने का भी काम चल रहा है। इसकी वजह से ज्यादातर मार्ग पर ठेकेदारों ने खोदाई करा रखी है। हैरानी की बात है कि सीएम ग्रेड योजना के तहत सड़कों को आर्दश बनाने वाली परियोजना की साइटों पर भी घोर लापरवाही बरती जा ही है। इसी सप्ताह ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी निर्माण क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद जहां बैरिकेड नहीं था। वहां सभी इलाकों में बैरिकेड लगाकर काम करने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बाद भी क्षेत्र में लापरवाही की जा रही है।

**इन जगहों पर है सबसे ज्यादा परेशानी:** न्यायखंड में बीकानेर चौक, जीडीए मार्केट से इस्कॉन टेंपल, काला पत्थर रोड, शिप्रा मॉल, न्यायखंड एक पत्रकार विहार सोसायटी समेत कई स्थानों पर सबसे ज्यादा परेशानी है। लोगों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर रहे हैं।



# जिला कारागार में डीएसजे का औचक निरीक्षण, कैदियों की सुनी गई समस्याएं

**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत,यूटर्न/ 16 मई।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पानीपत सुश्री वाणी गोपाल शर्मा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, डीएलएसए पानीपत सुश्री वर्षा शर्मा ने जिला जेल पानीपत का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल की विभिन्न वार्डों का दौरा किया, जिनमें मेडिकल वार्ड, जनरल वार्ड और महिला वार्ड शामिल रहे। इस दौरान बैरकों की स्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा जेल परिसर के रखरखाव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही मेडिकल स्टॉक और मेडिकल रिकॉर्ड रजिस्टर की भी गहन जांच की गई, ताकि कैदियों के लिए दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का सही रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। जेल की रसोई का भी निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और रसोई क्षेत्र में बनाए रखी जा रही साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को स्वच्छता बनाए रखने तथा कैदियों के स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कैदियों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। कैदियों की शिकायतों के त्वरित समाधान तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री वाणी गोपाल शर्मा और सीजेएम-सह-सचिव डीएलएसए सुश्री वर्षा शर्मा ने उपमंडल समालखा का दौरा कर न्यायालयों के कार्य संचालन का भी निरीक्षण किया।

# अनुसूचित जाति के 440 बेरोजगार युवक-युवतियों को शीघ्र मिलेगा , रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत,यूटर्न/ 16 मई।** पानीपत, यु-टर्न 16 मईझ्रअनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा तथा केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), मुरथल के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में इस योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के 440 बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे रोजगार प्राप्त कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र युवा इसका लाभ उठा सकें सिपेट मुरथल द्वारा तीन माह अवधि के विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय होगा।

# महक सिंगला ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया

## विद्यालय की 13 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया

» अश्विनी वालिया





कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 16 मई। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ने सत्र 2025-26 के कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त कर शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। यह उपलब्धि छात्राओं की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय की कुल 199 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 195 छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। महक सिंगला पुत्री विशाल सिंगला ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैन्सी पुत्री संजीव कुमार ने 461 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आरती पुत्री सूरज कुमार ने 455 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की 13 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि 15 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कौशिक ने सभी छात्राओं, अभिभावकों एवं अध्यापकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को जीवन में निरंतर परिश्रम और उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुष्प मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# 80 साल के बुजुर्ग ने कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या की, पुलिस के सामने सरेंडर किया

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** मुरादनगर इलाके के रावली कला गांव से शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां एक 80 साल के बुजुर्ग ने अपनी 72 साल की पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और फिर पुलिस चौकी में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, 80 साल के आरोपी की पहचान हरपाल के रूप में हुई है। वह रावली पुलिस चौकी पहुंचा और अधिकारियों को बताया कि उसने शुक्रवार को अपने घर पर अपनी पत्नी उर्मिला की हत्या कर दी थी।

सूचना मिलने के बाद, पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा पाया। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई चल रही है। मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) भास्कर वर्मा ने बताया कि हरपाल मुरादनगर पुलिस थाने के तहत रावली चौकी इलाके का रहने वाला है। वह खुद पुलिस चौकी आया और अपने किए गए अपराध को कबूल कर लिया। उन्होंने कहा कि 16 मई को हरपाल ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ समय पहले अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच चल रही है। परिवार वालों के मुताबिक, हरपाल अपनी बेटी के घर रह रहा था और बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। परिवार वालों ने यह भी बताया कि बुजुर्ग दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे।

# 128 करोड़ के फर्जी जीएसटी रैकेट का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**




दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक बड़े फर्जी जीएसटी इनवॉइसिंग रैकेट का पदार्फाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस संगठित गिरोह के जरिए लगभग 128 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी लेनदेन किए जाने का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में 24 मार्च 2026 को एफआईआर संख्या 66/2026 दर्ज की गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि एक अनजान व्यक्ति के आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल और बायोमेट्रिक विवरण का दुरुपयोग कर सितंबर 2025 में मेसर्स आरके एंटरप्राइजेज नाम से एक फर्जी फर्म बनाई गई थी। पीड़ित को इस फर्म के अस्तित्व की जानकारी तक नहीं थी। इसी फर्म के माध्यम से 128 करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन किए गए और लगभग 10 करोड़ रुपए का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लिया गया। तकनीकी निगरानी, जीएसटी रिकॉर्ड, बैंकिंग लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण में यह सामने आया कि दिलीप कुमार और राज कुमार दीक्षित इस रैकेट के मुख्य साजिशकर्ता थे। इनके अलावा अमर कुमार, विभाष कुमार मित्रा, नितिन वर्मा, मोहम्मद वसीम और आबिद ने भी फर्जी कंपनियों के संचालन, बैंक खातों की व्यवस्था और ऑनलाइन लेनदेन के जरिए इस नेटवर्क को चलाने में अहम भूमिका निभाई।

जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह फर्जी दस्तावेजों और पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर शेल कंपनियां बनाता था और उन्हें वास्तविक कारोबार के रूप में पेश करता था। इन कंपनियों के माध्यम से बिना किसी वास्तविक माल या सेवा की आपूर्ति के फर्जी जीएसटी बिल तैयार किए जाते थे, बैंकिंग चैनलों के जरिए पैसे घुमाए जाते थे, नकद के बदले फर्जी एंट्री दी जाती थी और गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया जाता था। इस पूरी प्रक्रिया के जरिए सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

ईओडब्ल्यू की विभिन्न टीमों ने एसीपी वीरेंद्र कादयान के नेतृत्व में दिल्ली-एनसीआर के कई स्थानों पर समन्वित छापेमारी कर 15 मई 2026 को सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें विधि अनुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

# सत्संग, सेवा, सद्भाव की प्रतिमूर्ति हैं स्वामी ज्ञानानंद महाराज : अशोक कुमार मेहता

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 16 मई। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के नेशनल प्रेसिडेंट एवं जीओ गीता के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता ने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने जीवन काल में गीता को आधार बनाकर अनेक पुस्तकों के माध्यम से गीता के अनुसार जीवन जीने की राह बताई है। अपने काम को गीता के अनुसार करने की कला सिखाते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा रचित विभिन्न ग्रंथ आज समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रासंगिक है। बच्चों के लिए गीता, शिक्षकों के लिए गीता, सैनिकों के लिए गीता, न्यायालय के लिए गीता, वकीलों के लिए गीता, चिकित्सकों के लिए गीता, व्यापारियों के लिए गीता सहित तमाम क्षेत्रों के लोगों के लिए गीता की सरल व्याख्या कर गीता को हर वर्ग के लिए स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने लाभकारी बताया है। अशोक मेहता ने कहा कि पिछले काफी वर्षों से गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी गीता के प्रचार प्रसार में जुटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के माध्यम से मॉरीशस, नेपाल, श्रीलंका, कनाडा, इंडोनेशिया व ऑस्ट्रेलिया में गीता का प्रचार कर चुके गीता मनीषी अब जून माह में जापान में गीता वाणी को गुंजारित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज गीता सत्संग के साथ-साथ व्यवहारिक सेवा को भी बहुत अधिक महत्व देते हैं।

कहीं निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप तो कहीं रक्तदान शिविर, कहीं गरीब कन्याओं का विवाह तो कहीं गौ सेवा, श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता समितियों के माध्यम से ऐसी अनेक सेवाएं समाज में स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में प्रदान की जा रही हैं। अशोक मेहता ने कहा कि सत्संग के साथ-साथ सेवा को महत्व देने वाले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज वास्तव में सत्संग सेवा व सद्भाव की प्रतिमूर्ति हैं।

# जनभागीदारी से ही बनेगा विकसित भारत : अंतिमा राजबीर भारद्वाज

» **हरियाणा, यूटर्न/ 16 मई।**



आज भारत एक नए आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर आगे बढ़ रहा है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, रक्षा, डिजिटल क्रांति और आर्थिक विकास के क्षेत्र में देश निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों से 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प है।

प्रधानमंत्री की अपील का मूल उद्देश्य यही है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को समझे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। स्वच्छता अभियान हो, 'वोकल फॉर लोकल' का समर्थन हो, डिजिटल भुगतान को अपनाना हो या पर्यावरण संरक्षण—इन सभी प्रयासों में जनसहभागिता को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। जब जनता और सरकार एक साथ कदम बढ़ाते हैं, तभी बड़े परिवर्तन संभव होते हैं।

आज आवश्यकता है कि युवा वर्ग शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बने। किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाएँ, व्यापारी ईमानदारी से कर व्यवस्था में सहयोग दें और आम नागरिक सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। प्रधानमंत्री की यह अपील केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण से भी जुड़ी हुई है।

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र आज हर भारतीय के लिए प्रेरणा बन चुका है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर एक छोटा-सा सकारात्मक प्रयास भी करे, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। अंततः यह कहना उचित होगा कि देश की प्रगति केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता और सहभागिता से सुनिश्चित होती है। प्रधानमंत्री की यह अपील वास्तव में एक जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें.

# डी.एम.हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरवाला की दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार



» **हरियाणा, यूटर्न/ 16 मई।**

दिनेश मैमोरियल हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरवाला का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा जिसमें डी. एम. हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरवाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस

विद्यालय के कुल 50 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। जिनमें से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा मिनल सुपुत्री कृष्ण कुमार ने 500 में से 485 अंक लेकर प्रथम स्थान और छात्रा अंजलि सुपुत्री कुलदीप सिंह ने 500 में से 484 अंक व छात्र युगम बंसल सुपुत्र अजय बंसल ने 500 में से 484 अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा छात्र सुमित सुपुत्र राजेश्वर सिंह ने 500 में 478 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। छात्र तनमय कुंडू सुपुत्र संदीप कुंडू ने 500 में से 476 अंक व छात्रा मुस्कान सुपुत्री संजय ने 500 में से 476 अंक लेकर संयुक्त रूप से चौथा स्थान और छात्रा निधि सुपुत्री सुरेश कुमार ने 500 में से 474 अंक व छात्रा धृति सुपुत्री श्री भगवान ने 500 में से 474 अंक व छात्र लोकेश सुपुत्र सुनील कुमार ने 500 में से 474 अंक लेकर संयुक्त रूप से पांचवा स्थान तथा छात्रा खुशी सुपुत्री विनोद कुमार ने 500 में से 472 अंक व छात्रा मुस्कान कोहली सुपुत्री दिनेश कोहली ने 500 में से 472 अंक लेकर संयुक्त रूप से छठा स्थान हासिल करके स्कूल का गौरव बढाया है। विद्यालय के प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# सीआईडी के कानपुर सेक्टर में परिश्रम पूर्ण कर्मठता का पर्याय एएसपी अशोक वर्मा

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 16 मई। जिसकी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली वाली जांच पर आज भी लोगों को पूरा भरोसा है। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में वह सीबी सीआईडी कानपुर सेक्टर में पहले से ज्यादा सक्रिय हो गई है।

अवगत कराते चलें कि कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में निष्पक्ष जांच पड़ताल के रूप में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस सीआईडी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता की चर्चा की जा रही है, आजकल उस सीआईडी के कानपुर सेक्टर की कमान निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी और परोपकारी स्वभाव के एएसपी अशोक कुमार वर्मा के हाथ में है।

अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके बृजभूमि मथुरा में जन्मे और वर्तमान में जनपद हाथरस के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से संबंध रखने वाले कठोर परिश्रम, अनुशासन और सेवा भाव के भी प्रतीक अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

जानकारी के मुताबिक1989 में उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर भर्ती होकर अपने कैरियर की शुरूआत करते हुए अलीगढ़ के अलिया गैंग के अलिया सहित 3 हार्ड कोर अपराधियों के .एनकाउंटर में पूर्ण सफाए के फलस्वरूप ही आउट आफ टर्न पदोन्नति पाकर 1998 में इंस्पेक्टर और करीब 16 वर्षों तक इसी पद पर जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कठोर परिश्रम और कर्तव्य के प्रति अपनी ईमानदारी पूर्ण प्रगाढ़ निष्ठा के चलते वर्ष 2014 में प्रोन्नति पाकर डिप्टी एस पी और अब अपर पुलिस अधीक्षक यानी एएसपी के पद पर पहुंचने वाले बिरले पुलिस अधिकारियों में से एक सरल और शालीन स्वभाव के सीबीसीआईडी के सेक्टर ऑफिसर एएसपी अशोक कुमार वर्मा की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही लोकहित में निरंतर निरत कर्म योगी एएसपी अशोक कुमार वर्मा जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं।

# पश्चिमी जिला स्पेशल स्टाफ ने शातिर चोरों के गिरोह का किया भंडाफोड़, दो चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** दिल्ली पुलिस के पश्चिमी जिला स्पेशल स्टाफ ने एक संगठित चोरी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध में इस्तेमाल हुई कार, चोरी के 29,400 रुपए नकद, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अपराध के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 मई 2026 की सुबह हरि नगर के अजय एन्क्लेव में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति के घर में चोरों ने ताला तोड़कर घुसपैठ की। चोरों ने लगभग 4.5 लाख रुपए नकद, एक लैपटॉप, मोबाइल फोन और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मामले की जांच पश्चिमी जिला स्पेशल स्टाफ को सौंपी गई। इंस्पेक्टर राजेश मौर्य (आई/सी स्पेशल स्टाफ) के नेतृत्व में गठित टीम में एसआई नरेश, एएसआई विनोद, एएसआई उमेश, हेड कांस्टेबल दीपक, महेंद्र और अजय शामिल थे। टीम एसीपी ऑपरेशंस विजय सिंह की निगरानी में काम कर रही थी। टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि चोरों ने यूपी रजिस्ट्रेशन वाली कार का इस्तेमाल किया था।

# उच्च रक्तचाप : कारण , लक्षण और निदान : डॉ. अनेजा

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 16 मई। सीनियर फिजिशियन एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. अनेजा ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस में विश्व उच्च रक्तचाप लीग द्वारा इस दिवस के अवसर पर डॉ. अनेजा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया और बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026, हर साल 17 मई 2026 को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य 'मूक हत्यारे' कहे जाने वाले उच्च रक्तचाप के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का मुख्य विषय 'उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें और नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें, इस मूक हत्यारे को हराएं। यह दिन रोकथाम, जल्दी पता लगाने और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से रक्तचाप प्रबंधन को बढ़ावा देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में 1.5 अरब से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं जिसमें 50% से अधिक लोग अपनी स्थिति से अनजान हैं। यह निम्नलिखित का एक प्रमुख कारण है जैसे कि असमय मौत और हृदय रोग। डॉ. अनेजा ने बताया कि हाइपरटेंशन को आम बोलचाल में हाई ब्लड प्रेशर कहा जाता है क्यूंकि यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त वाहिकाओं (धमनियों) की दीवारों पर रक्त का दबाव लगातार सामान्य से अधिक बना रहता है ,ब्लड प्रेशर को दो संख्याओं जैसे- 120/80 लॅ के रूप में मापा जाता है , सिस्टोलिक यानि कि यह तब का दबाव होता है जब दिल धड़कता है और खून पंप करता है और डायस्टोलिक जो यह दिल की धड़कनों के बीच, आराम करने के दौरान का दबाव होता है, सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 या इससे कम माना जाता है। यदि यह 130/80 लॅ से लगातार ऊपर रहता है, तो इसे हाइपरटेंशन की श्रेणी में गिना जाता है। हाइपरटेंशन के मुख्य कारण है तनाव और खराब जीवनशैली, अधिक समय तक बैठे रहना और शारीरिक गतिविधि की कमी, आहार में जैसे कि अत्यधिक नमक, प्रोसेस्ड फूड और वसायुक्त भोजन का सेवन, मोटापा और अधिक वजन होना या बढ़ती उम्र, यदि परिवार में किसी को यह बीमारी रही हो। उक्त रक्तचाप इसे अक्सर 'साइलेंट किलर' (खामोश हत्यारा) कहा जाता है क्योंकि इसके शुरूआती लक्षण आसानी से दिखाई नहीं देते, अधिक बढ़ने पर निम्न समस्याएं हो सकती हैं जैसे कि सिरदर्द (विशेषकर सुबह के समय) चक्कर आना, सांस फूलना सीने में दर्द ,आंखों से धुंधला दिखाई देना। डॉ. अनेजा ने बताया कि इसके बचाव और नियंत्रण में आप अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर हाइपरटेंशन को नियंत्रित कर सकते हैं जैसे कि अपने आहार में नमक की मात्रा कम करें, नियमित रूप से व्यायाम या सैर करे...

## फटाफट खबरें

### नीट परीक्षा पेपर लीक पर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर शुक्रवार को युवा कांग्रेस सदस्यों ने पुराने बस अड्डे स्थित चौराहे पर प्रदर्शन किया और धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। युवा कांग्रेस सचिव इमरान मलिक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत करके परीक्षा देते हैं और भविष्य के सपने संजोते हैं इस बीच पेपर लीक हो जाता है और परीक्षा कैंसिल हो जाती है यह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आसिफ सैफी ने कहा कि यह सरकार युवाओं को सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### पेड़ गिरने से डिलीवरी बॉय समेत दो लोग हुए घायल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 16 मई।** अभयखंड-3 स्थित निजी स्कूल के पास 15 मई की रात अचानक पेड़ गिरने से डिलीवरी बॉय सरफराज और वैशाली निवासी राहुल घायल हो गए। राहुल की हालत गंभीर बताई जा रही है। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। साथ ही पेड़ को सड़क से हटाकर यातायात भी सुचारू कराया। हादसे में घायल हुए सरफराज ने बताया कि वह क्षेत्र के ही एक होटल पर काम करते हैं। वैशाली की तरफ ऑनलाइन ऑर्डर की डिलीवरी देने जा रहे थे। रास्ते में निजी स्कूल के पास किसी कार्य से रुके हुए थे कि उसी दौरान ग्रीन बेल्ट पर लगा एक पुराना पेड़ अचानक गिर गया।

### सोता रहा परिवार, चोर ले लाखों के जेवरात और नकदी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के जावली गांव निवासी भूपेंद्र के घर में चोरों ने घुसकर लाखों के जेवरात और 50 हजार रुपये चुरा लिए। मामला 12 मई की रात का है। सुबह जब उठे तो चोरी का पता चला। पुलिस ने 14 मई को रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में सर्विलांस टीम जुटी है। दर्ज मामले में भूपेंद्र ने बताया कि 12 मई की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। 13 मई की तड़के करीब 3:45 बजे जब वह सोकर उठे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर उनके घर की अलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखे लाखों रुपये के सोने के जेवरात और 50 हजार रुपये चोरी करके ले गए।

# 'डेंगू को हराने के लिए सामुदायिक प्रयास सबसे अहम,' नड्डा ने लोगों से की भागीदारी की अपील

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**



राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से डेंगू को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पानी जमा न होने देना और आसपास का वातावरण सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। सरकार निगरानी, जांच, इलाज और जागरूकता अभियान के जरिए डेंगू नियंत्रण को मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि डेंगू से लड़ाई में लोगों की भागीदारी सबसे अहम है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर, आइए हम सब मिलकर डेंगू की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाएं और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। भारत सरकार बेहतर निगरानी, जांच, उन्नत उपचार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से डेंगू नियंत्रण को लगातार सुदृढ़ कर रही है। इस वर्ष की थीम 'डेंगू नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारी: जांचें, साफ करें और ढकें' हमें यह याद दिलाती है कि डेंगू को हराने के लिए सामुदायिक प्रयास ही सबसे महत्वपूर्ण हैं। आइए, हम सब मिलकर एक स्वस्थ कल का निर्माण करें।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'सावधानी, स्वच्छता, सजगता और समय पर उपचार से डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। आइए, राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि अपने घर, आसपास और समाज को स्वच्छ रखें, कहीं भी जलभराव न होने दें। सजग रहें, सुरक्षित रहें।'

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'डेंगू को जागरूकता से ही रोका जा सकता है। आइए, हम सभी डेंगू की रोकथाम हेतु जनजागरूकता के प्रसार का संकल्प लें और साथ ही अपने घरों के आसपास स्वच्छता रखें।'

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आइए, हम सभी डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं इसकी रोकथाम हेतु सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लें। स्वच्छता, सतर्कता और समय पर उपचार ही डेंगू से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं। अपने आसपास पानी जमा न होने दें और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें। स्वस्थ राजस्थान, सुरक्षित राजस्थान के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।'

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर कहा, 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आइए हम सभी डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वच्छता अपनाने का संकल्प लें। अपने आसपास साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और समय पर सावधानी बरतकर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। जागरूकता और सतर्कता ही डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।' मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता, जागरूकता और सतर्कता बहुत जरूरी है।

# रात में पुलिस को सौंपा चोर, सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद हुई कार्रवाई



**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 16 मई।** जिले की पुलिस कितनी मुस्तैद है और नागरिकों के प्रति कितनी गंभीर है। इसका खुलासा 13 मई को सेक्टर-6 वैशाली निवासी निशा शंकर के घर में पकड़े गए चोर के मामले में खुलासा हुआ। महिला ने चोर से भिड़कर उसे पकड़कर शोर मचा दिया। आसपास के निवासी मौके पर पहुंचे और आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। रात में पीड़िता दो घंटे तक थाने में खड़ी रही और जब घर पहुंची तो 11.30 बजे बाइक से पहुंचे सिपाही ने चौकी चलने को कहा। इस पर पीड़िता नाराज हो गई और कहा कि वह रात में चौकी नहीं जाएगी। पीड़िता ने यह पूरा वाक्या सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो पुलिस ने घर जाकर तहरीर लिखवाई और फिर कार्रवाई की। दरअसल, निशा शंकर सोशल मीडिया पर लिखा कि 13 मई की रात एक युवक उनके घर में चोरी के इरादे से घुसा। रात में आवाज सुनकर उठीं और देखा कि सामान को उथल-पुथल किया जा रहा है। निशा ने चोर से भिड़ गई और आरोपी को पकड़ लिया। शोर मचाया तो सोसायटी के अन्य लोग आ गए।

# 'नीट पेपर लीक नहीं होना चाहिए था, दोबारा परीक्षा सही फैसला' : डीयू वीसी योगेश सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**



नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर योगेश सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पेपर लीक हुआ, यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। उन्होंने दोबारा परीक्षा कराने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया और छात्रों को विरोध प्रदर्शन से दूर रहने की सलाह दी।

पेपर लीक पर वाइस चांसलर योगेश सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'मुझे एनटीए के संगठनात्मक ढांचे के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन यह सच है कि इसके लिए वे ही जिम्मेदार हैं। वे ही यह परीक्षा आयोजित करवा रहे थे, इसलिए यह सुनिश्चित करना उनकी ही जिम्मेदारी है कि इस तरह की चूक न हो।'

योगेश सिंह से पूछा गया कि नीट परीक्षा के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों से वे क्या कहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'एनटीए ने अब नई तारीख का ऐलान कर दिया है। परीक्षा 21 जून को होगी। पहले भी मुझे नहीं लगा था कि विरोध प्रदर्शन की कोई जरूरत है, और आज भी मैं यही कहूंगा कि इसकी कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि यह एक संवेदनशील विषय है।'

उन्होंने कहा कि यह हमारे छात्रों के भविष्य से जुड़ा है। जिस तरह से प्रश्न पत्र लीक हुआ या उसमें सेंध लगी, वैसा नहीं होना चाहिए था। इस बात पर कोई बहस नहीं है। अगर आरोपी पकड़ा न जाता, अगर कार्रवाई न की जाती, और अगर परीक्षा रद्द न की जाती, तो ऐसे कई छात्रों को एडमिशन मिल जाता जो इसके हकदार नहीं थे।

# शाहबेरी फर्नीचर मार्केट में भीषण आग

## आठ दुकानें जलकर राख, 30 दमकल गाड़ियों ने घंटों बाद पाया काबू

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 16 मई।**



ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी स्थित फर्नीचर मार्केट में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास की कई दुकानें उसकी चपेट में आ गईं। घटना थाना बिसरख क्षेत्र की बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटे तक चले संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि मार्केट में स्थित एक फर्नीचर शॉप में अचानक बिजली के तारों में स्पार्किंग हुई, जिसके बाद आग भड़क उठी। फर्नीचर और लकड़ी का सामान अधिक मात्रा में होने के कारण आग ने तेजी से फैलकर आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

देर रात आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बिसरख पुलिस, फायर विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए फायर विभाग की करीब 30 दमकल गाड़ियों को लगाया गया। दमकल कर्मियों ने लगातार कई घंटों तक मशक्कत करते हुए आग को फैलने से रोका। राहत की बात यह रही कि समय रहते लगभग 15 से 20 दुकानों को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। फायर अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में कुल आठ दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दुकानों में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। हालांकि, घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए थे। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा ताकि राहत एवं बचाव कार्य में कोई बाधा न आए। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग द्वारा आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। साथ ही नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

### एनसीआर में भीषण गर्मी का आगाज, अगले तीन दिनों में पारा 43 डिग्री करेगा पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** एनसीआर में अब गर्मी और लू का दौर शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। राहत की बात यह है कि अगले 24 घंटों में किसी तरह की मौसमी चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन तेज धूप से लोगों को जल्द ही भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। आज यानी 16 मई को दिल्ली-एनसीआर में मुख्यतः साफ आसमान रहेगा। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आर्द्रता 45 से 30 प्रतिशत के बीच रहेगी, जिससे दिन में गर्मी अधिक महसूस होगी।



# दशकों पुराना 'अटूट बंधन' एक झटके में लहूलुहान: 80 साल के पति ने की 72 वर्षीय पत्नी की हत्या, खुद पहुंचा थाने

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 मई।**

गाजियाबाद के मुरादनगर के रावली कला गांव में शनिवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 80 वर्षीय एक बुजुर्ग ने अपनी 72 वर्षीय पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस सनसनीखेज हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग चार बजे हरपाल पुत्र खचेडू निवासी रावली कला, थाना मुरादनगर ने रावली चौकी पहुंचकर पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काट दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची।

पुलिस को घटनास्थल पर पता चला कि आरोपी हरपाल, जो मूल रूप से मोरटा कब्रिस्तान के पास का रहने वाला है और वर्तमान में रावली में अपनी बेटी के घर पर अपनी पत्नी उर्मिला के साथ था रह रहा था। घर पर उनकी बेटी कंचन के लड़के कुणाल और अजय भी मौजूद थे। कुणाल के मम्मी-पापा मेरठ गए हुए थे।

मृतका उर्मिला के नाती कुणाल ने पुलिस को बताया कि उसके नाना हरपाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि नाना और नानी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। घटना की रात, जब सभी लोग सो रहे थे, तब हरपाल और उर्मिला बाहर सो रहे थे। इसी दौरान यह खौफनाक वारदात हुई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि चारपाई पर लेटी उर्मिला के सिर पर कान के पास कुल्हाड़ी से कई गहरे घाव थे।

# सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर बढ़ाया टैक्स, डीजल और एटीएफ पर घटाई ड्यूटी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्यात टैक्स में बदलाव किया है। सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर 3 रुपए प्रति लीटर का विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) लगाया है, जबकि डीजल पर शुल्क घटाकर 16.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है। यह नया आदेश शनिवार से लागू होगा। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पेट्रोल निर्यात पर 3 रुपए प्रति लीटर का शुल्क लागू किया जाएगा, जबकि डीजल पर शुल्क संशोधित कर 16.5 रुपए प्रति लीटर किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया कि पेट्रोल और डीजल निर्यात पर सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर सेस को शून्य कर दिया गया है।




सरकार के अनुसार, घरेलू ईंधन पर लगने वाले टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार पेट्रोल निर्यात पर नया एसएईडी लगाया गया है।

वहीं, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क को पिछले कुछ महीनों में कई संशोधनों के बाद कम किया गया है। इससे पहले डीजल पर निर्यात शुल्क में कई बार बदलाव किया गया था। 26 मार्च को इसे 21.50 रुपए प्रति लीटर तय किया गया था, फिर 11 अप्रैल को बढ़ाकर 55.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया। इसके बाद 30 अप्रैल को इसे घटाकर 23 रुपए प्रति लीटर किया गया और अब इसे और कम करके 16.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर भी इसी प्रकार बदलाव हुए। पहले इसका शुल्क 29.5 रुपए प्रति लीटर था, फिर इसे बढ़ाकर 42 रुपए प्रति लीटर किया गया। बाद में इसे घटाकर 33 रुपए प्रति लीटर किया गया और अब इसे कम करके 16 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच घरेलू ईंधन उपलब्धता बनाए रखने और निर्यात पर नियंत्रण के लिए विंडफॉल टैक्स ढांचा लागू किया गया था। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता नहीं हो पाने के बाद भू-राजनीतिक तनाव अभी भी बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा, 'मुझे यह पसंद नहीं है - बिल्कुल अस्वीकार्य है।

## फटाफट खबरें

### ईंधन महंगा होने से डिलीवरी और राइड सेवाएं 20 फीसदी महंगी होंगी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी ने देश की राइड-हेलिंग, ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के मद्देनजर शुक्रवार को यह इजाफा किया गया। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, इस कदम से इन क्षेत्रों की लॉजिस्टिक और डिलीवरी लागत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसका बोझ अंततः ग्राहकों पर पड़ सकता है। उद्योग अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ईंधन की यह वृद्धि यदि लंबे समय तक बनी रहती है, तो परिचालन लागत में भारी इजाफा होगा। इससे परिवहन, डिलीवरी और ऑनलाइन सामान की कीमतों में 10 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। पेट्रोल के साथ-साथ सीएनजी के दाम भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ाए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इसका सीधा असर बाइक-टैक्सी और डिलीवरी पार्टनरों पर पड़ेगा, जिनके ज्यादातर वाहन पेट्रोल से चलते हैं।

### ईंधन 3 रुपए महंगा: कच्चे तेल में उछाल से आम आदमी की जेब पर बोझ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** सरकारी तेल कंपनियों ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे उपभोक्ताओं पर महंगाई का नया बोझ पड़ा है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 फीसदी तक के उछाल को इस वृद्धि का प्राथमिक कारण बताया जा रहा है। इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है, क्योंकि परिवहन लागत बढ़ने से दैनिक उपभोग की वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण तेल कंपनियों को घरेलू दरों में समायोजन करना पड़ा है। शनिवार, 16 मई से लागू नई दरों के अनुसार, राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए और डीजल 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में पेट्रोल 106.68 रुपए और डीजल 93.14 रुपए पर पहुंच गया है, वहीं अन्य प्रमुख शहरों में भी कीमतें बढ़ी हैं। देश भर में ईंधन की कीमतों में भिन्नता मुख्य रूप से राज्य सरकारों द्वारा लगाए जाने वाले मूल्य वर्धित कर (वेट) के कारण है।

## 18700 रुपए किलो चांदी के दाम गिरे एक दिन में

**मुंबई, यूटर्न/ 16 मई।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों में एक ही दिन में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। घरेलू बाजार में चांदी करीब 18,700 रुपए प्रति किलो तक टूट गई, जिससे निवेशक और कारोबारी दोनों हैरान रह गए। वहीं सिल्वर ईटीएफ में भी करीब 9 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका और डॉलर की मजबूती ने कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा दिया है। जानकारों का कहना है कि महंगाई के आंकड़े उम्मीद से अधिक आने के बाद निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर डॉलर की ओर रुख किया। इसके चलते सोना और चांदी दोनों कमजोर हुए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में औद्योगिक मांग घटने और बड़े निवेशकों की बिकवाली ने भी चांदी की कीमतों को नीचे खींचा। हालांकि बाजार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह गिरावट लंबे समय तक नहीं रह सकती। औद्योगिक उपयोग और वैश्विक मांग बढ़ने पर आने वाले समय में चांदी की फिर तेजी देखने को मिल सकती है।

## आरबीएल बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण को वित्त मंत्रालय ने दी मंजूरी

### देश में करीब 26,850 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

वित्त मंत्रालय ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। इससे देश में करीब 26,850 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो गया है। आरबीएल बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से भेजे गए एक पत्र में इस प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 49 प्रतिशत से अधिक और 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी लेने के लिए दी गई है। इस




अधिग्रहण सौदे की घोषणा 18 अक्टूबर, 2025 को की गई थी। इसे भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय निवेशों में से एक माना जा रहा है। प्राथमिक पूंजी निवेश के तौर पर करीब तीन अरब डॉलर (करीब 26,850 करोड़ रुपये) का निवेश किया जाएगा। यह बैंक को वृद्धि के अपने अगले चरण के लिए मजबूत स्थिति में लाएगा। प्रस्तावित निवेश के तहत एमिरेट्स एनबीडी बैंक तरजीही निर्गम के जरिये 280 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 959,045,636 इक्विटी शेयरों को खरीदेगा।

इस सौदे के बाद आरबीएल बैंक में इस विदेशी बैंक की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से 74 प्रतिशत के बीच रह सकती है, जो नियामकीय शर्तों पर निर्भर होगी लेनदेन के बाद बैंक में विदेशी बैंक की अनुषंगी इकाई वाला मॉडल लागू होगा और एमिरेट्स एनबीडी बैंक को प्रवर्तक के रूप में मान्यता मिलेगी इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक और प्रतिस्पर्धा आयोग भी इस अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दे चुके हैं।



### 65 की उम्र में सरकारी नौकरी का मौका

## एमिनेंट एक्सटर्नल प्रोफेशनल पदों पर आवेदन शुरू, 29 मई लास्ट डेट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने परिवहन नियोजन और परिवहन अर्थशास्त्र के क्षेत्रों में अनुबंध के आधार पर अपने मुख्यालय में प्रतिष्ठित बा' पेशेवर (एमिनेंट एक्सटर्नल प्रोफेशनल -ईईपी) की श्रेणी में पेशेवरों की अलग-अलग 2 पदों पर नियुक्ति के लिए एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी करके पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

एनएचएआई की ओर से जारी पदों में एमिनेंट एक्सटर्नल प्रोफेशनल (परिवहन योजनाकार) और एमिनेंट एक्सटर्नल प्रोफेशनल (परिवहन अर्थशास्त्री) के 1-1 पद शामिल हैं। इन पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 29 मई तय की गई है। ऐसे में जो उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय लास्ट डेट के शाम 6 बजे तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से संबंधित पद अनुसार सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री, परिवहन योजना में मास्टर डिग्री या पोस्ट-ग्रेजुएशन डिप्लोमा, अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री, और प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव और अन्य निर्धारित पात्रता का होना अनिवार्य है।

उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 65 वर्ष तय की गई है, जिसकी गणना आवेदन के अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। वहीं, योग्य अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आदि के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए, उम्मीदवार सबसे पहले एनएचएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर जाने के बाद, संबंधित पद के लिए दिए गए सक्रिय आवेदन लिंक पर क्लिक करें।

## वैश्विक तेल उछला, रूस-वेनेजुएला को मिली आर्थिक संजीवनी

### ब्रेंट क्रूड 120 डॉलर के पार, पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस का निर्यात बढ़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

ईरान में जारी युद्ध के कारण पिछले दो महीनों से दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं भारी दबाव में हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल से पेट्रोल-डीजल सहित परिवहन और खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे वैश्विक महंगाई बढ़ रही है। इस संकटपूर्ण माहौल के बावजूद, रूस और वेनेज़ुएला जैसे दो प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने अप्रत्याशित रूप से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत किया है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतें 72 डॉलर से बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा रूस को हुआ, जिसने पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद अपने उरल्स कच्चे तेल की कीमतों और निर्यात राजस्व में भारी वृद्धि देखी। मार्च 2026 में उसका तेल निर्यात करीब 19 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे यूक्रेन युद्ध के चलते आए आर्थिक दबावों से निपटने में मदद मिली। रूस भारत और चीन जैसे देशों को पुराने टैंकरों (शैडो फ्लीट) के जरिए बड़े पैमाने पर तेल भेज रहा है, पहले छूट पर और अब ऊंची कीमतों पर। दूसरी ओर वेनेजुएला ने भी इस संकट का लाभ उठाया है। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले इस देश का उत्पादन अमेरिकी प्रतिबंधों और खराब प्रबंधन के कारण लंबे समय से गिर रहा था। लेकिन ईरान संकट के बाद अमेरिका ने तेल आपूर्ति बनाए रखने के लिए वेनेजुएला पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दी।

### नीट-यूजी में बड़े बदलाव: क्या कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा से रुक पाएगा पेपर लीक?

## अगले साल से सीबीटी मोड में होगी परीक्षा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों की घोषणा की है। सरकार का मानना है कि अगले वर्ष से परीक्षा को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में कराने से पारदर्शिता बढ़ेगी और पेपर लीक जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग सकेगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बीते दिन शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कि छात्रों के हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नीट-यूजी 2026 से परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर आधारित




होगी, ताकि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी बेहतर ढंग से की जा सके। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष आयोजित परीक्षा में पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद सरकार ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए री-एग्जाम कराने का फैसला लिया है। मंत्री ने घोषणा की कि दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। सरकार का कहना है कि इससे मेहनती छात्रों के साथ न्याय सुनिश्चित होगा और परीक्षा प्रणाली पर भरोसा बहाल किया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड अपनाने से प्रश्नपत्रों की छपाई, परिवहन और वितरण से जुड़े जोखिम काफी कम हो जाएंगे। डिजिटल माध्यम में प्रश्नपत्र सीधे सुरक्षित सर्वर के जरिए परीक्षा केंद्रों तक पहुंचेंगे, जिससे लीक की संभावना घटेगी। इसके अलावा अलग-अलग शिफ्ट में प्रश्नों के पैटर्न और क्रम बदलने की सुविधा भी होगी, जिससे संगठित नकल और पेपर माफिया पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है।

## मौसम विभाग ने देश के 15 राज्यों में जारी किया बारिश और तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब सहित 15 राज्यों में भारी बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों को इस दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि देश के कई हिस्सों में 16 मई को मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल सकता है। कई इलाकों में 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही, उत्तर भारतीय राज्यों में एक बार फिर भयंकर तूफान आ सकते हैं, जबकि कई इलाकों के लिए ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है। पंजाब के छह जिलों में आंधी-तूफान और बारिश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। चंडीगढ़ स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, अमृतसर, होशियारपुर और मुक्तसर में बिजली कड़कने के साथ भयंकर आंधी-तूफान की संभावना है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने सकती हैं। इसके साथ ही, मौसम विभाग ने 16 मई से 20 मई तक पंजाब के कई हिस्सों में लू (हीटवेव) की स्थिति के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।



# मेट्रो की रफ्तार के साथ कदमताल करेगी दिल्ली
## स्टेशनों के पास ही होंगे घर; दफ्तर और चमकते बाजार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

दिल्ली के सुनहरे भविष्य की तस्वीर अब मेट्रो की पटरियों के साथ-साथ तैयार होगी। डीडीए ने ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) पॉलिसी के तहत राजधानी के 14 बड़े और प्राइम भूखंडों (प्लॉट्स) को विकसित करने की मेगा योजना तैयार कर ली है। इस पहल का सीधा मकसद दिल्लीवासियों के रहने, काम करने और मनोरंजन के तरीकों को मेट्रो कनेक्टिविटी से जोड़कर एक नया अर्बन लाइफस्टाइल देना है। टीओडी पॉलिसी नोटिफाई होने के बाद अब तक इस पर चार प्रस्ताव भी मिले हैं।

इन 14 स्थानों पर न केवल रिहायशी इमारतें बनेंगी, बल्कि कॉमर्शियल हब, अस्पताल और शॉपिंग सेंटर भी विकसित किए जाएंगे। दिल्ली एक ऐसे शहरी मॉडल की ओर बढ़ जाएगी, जहां लोगों को घर, दफ्तर, बाजार और जरूरी सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे ट्रैफिक, प्रदूषण और यात्रा का समय कम होगा, जबकि रोजगार और कारोबार के नए मौके भी बनेंगे।

**सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ाने पर फोकसः** दिल्ली में निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और लोग ज्यादा से ज्यादा मेट्रो व सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करेंगे। मेट्रो स्टेशनों के 500 से 800 मीटर दायरे में घना और योजनाबद्ध विकास किया जाएगा, ताकि लोग पैदल भी अपनी मंजिल तक पहुंच सकें।



**पूर्वी दिल्ली के 5 बड़े पॉइंट दायरे में :** पूर्वी दिल्ली में दिलशाद गार्डन, झिलमिल ताहिरपुर, कड़कड़डूमा, प्रीत विहार और मंडावली-फाजलपुर जैसे इलाकों को नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। दिलशाद गार्डन में रेड लाइन मेट्रो के पास खाली पड़े भूखंडों पर आधुनिक निर्माण की योजना है। झिलमिल ताहिरपुर में शॉपिंग सेंटर बनाया जाएगा, जबकि कड़कड़डूमा में ब्लू लाइन मेट्रो के पास बड़ा मिश्रित विकास प्रस्तावित है। प्रीत विहार और मंडावली में आवासीय परियोजनाओं पर जोर रहेगा।

### कॉमर्शियल हब बनेगा द्वारका

द्वारका को टीओडी पॉलिसी के तहत बड़े कॉमर्शियल हब के रूप में तैयार करने की योजना है। द्वारका सेक्टर-10 और सेक्टर-12 में बड़े डिस्ट्रिक्ट सेंटर और लोकल शॉपिंग सेंटर बनाए जाएंगे। यहां मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ आधुनिक ऑफिस, रिटेल और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी। माना जा रहा है कि इससे द्वारका दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में शामिल हो सकता है।

**सबसे बड़ा प्रोजेक्ट पीरागढ़ी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के लिएः** पश्चिमी दिल्ली के पीरागढ़ी में इस योजना का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। यहां करीब 1.24 लाख वर्ग मीटर जमीन पर विशाल डिस्ट्रिक्ट सेंटर बनाया जाएगा।

ग्रीन लाइन मेट्रो और आउटर रिंग रोड के पास होने के कारण ये इलाका भविष्य में पश्चिमी दिल्ली का बड़ा आर्थिक केंद्र बन सकता है।

मादीपुर में अस्पताल, नर्सिंग होम और सांस्कृतिक केंद्र विकसित करने की तैयारी है। वहीं रोहतक रोड के गोल्डन पार्क इलाके में ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट लाए जाएंगे।

## पृथ्वीराज चौहान का जीवन हर भारतीय को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता हैः नायब सैनी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान का जीवन हर भारतीय को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।

सीएम सैनी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। राष्ट्रभक्ति, पराक्रम और आत्मगौरव के प्रतीक उनके जीवन से आज भी हर भारतीय को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। उनका यशस्वी



इतिहास सदैव आने वाली पीढ़ियों को मार्ग दिखाता रहेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भारतीय शौर्य और पराक्रम के शिखर पुरुष, महान योद्धा महाराज पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका अदम्य साहस और त्याग प्रत्येक पीढ़ी के लिए प्रेरणा का पुंज है। उनकी गौरवगाथाएं हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति सदैव संकल्पित रहने की प्रेरणा देती हैं।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि भारतीय वीरता, स्वाभिमान और पराक्रम के अद्वितीय प्रतीक, महान योद्धा महाराज पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। मातृभूमि की रक्षा हेतु समर्पित उनका अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अतुलनीय बलिदान युगों-युगों तक प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी गौरवशाली गाथाएं हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संदेश देती हैं।

हरियाणा सरकार में मंत्री विपुल गोयल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि अदम्य साहस, स्वाभिमान और राष्ट्ररक्षा के प्रतीक वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर उन्हें नमन। अपने शौर्य, दृढ़ संकल्प और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण से उन्होंने भारतीय इतिहास में अमिट गौरवगाथा लिखी।

## जिले में लगातार घट रहे डेंगू और मलेरिया के मरीज

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 मई।**

जिले में डेंगू और मलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों पर स्वास्थ्य विभाग काफी हद तक नियंत्रण पाने में सफल होता नजर आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों में इन बीमारियों के मामलों में कमी दर्ज की गई है। खास बात यह रही कि डेंगू के मामले सामने आने के बावजूद पिछले कई वर्षों में जिले में इससे किसी मरीज की मौत नहीं हुई।

जिला स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जिले में डेंगू के 347 मामले सामने आए थे। इसके बाद वर्ष 2022 में यह संख्या घटकर 13 रह गई। वर्ष 2023 में 190 और वर्ष 2024 में 138 मामले दर्ज किए गए। वहीं वर्ष 2025 में अब तक करीब 100 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समय पर जांच और उपचार के कारण गंभीर स्थिति बनने से पहले मरीजों को संभाल लिया गया।




## बिजली कटौती से परेशान सोसाइटी के निवासी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** सेक्टर - 70 स्थित आगमन सोसाइटी के निवासी बिजली कटौती से परेशान हैं। निवासियों के मुताबिक बिना किसी जानकारी के उनके फ्लैट की बिजली काटी जा रही है। इसके चलते निवासी भीषण गर्मी में रहने को मजबूर हैं। निवासी प्रभाकर व अंकित ने बताया कि बिजली मीटर प्रीपेड हैं। यदि सोसाइटी में शुल्क न भरने को लेकर बिजली काटी जा रही है, तो पहले आरडब्ल्यूए का कर्तव्य बनता है कि जिन लोगों ने रुपये नहीं दिए हैं उनको शुल्क भरने को लेकर एक बार याद दिलाया जाए। मेल या संदेश भेजा जाए, जिससे लोग समय रहते रखरखाव शुल्क दे दें। बिना किसी जानकारी के बिजली काट देना सही नहीं है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। निवासी जगदीश ने बताया कि नियम के मुताबिक रखरखाव शुल्क न देने पर अन्य सुविधाएं रोकी जा सकती हैं जिसमें साफ- सफाई, लेबर व प्लंबर आदि सुविधाएं निष्कासित की जा सकती हैं, लेकिन बिजली नहीं काटी जा सकती। सभी निवासियों के बिजली मीटर प्रीपेड हैं। निवासी बबीता ने बताया कि उनके पति दफ्तर गए थे और बुधवार को उनके फ्लैट की बिजली काट दी गई। इसके चलते उन्हें भीषण गर्मी में दिन निकालना पड़ा। इस बारे में जब रखरखाव शुल्क के लिए बैठे पदाधिकारियों से बात की घई तो उन्होंने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से बात करने को कहा। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि सिस्टम अपग्रेड किया जा रहा है।

## बाइक से कलक्ट्रेट पहुंचे जिलाधिकारी
### लोगों से अपील से पहले खुद उदाहरण पेश करने के लिए कहा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 मई।**

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच उत्पन्न हुए ईंधन के संकट को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था बदलाव की राह पर है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील के बाद गाजियाबाद प्रशासन ने खुद को केवल निर्देश जारी करने तक सीमित नहीं रखा। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बाइक से कलक्ट्रेट पहुंचकर संदेश दिया कि देशहित में बदलाव की शुरूआत व्यवस्था से ही होनी चाहिए।

शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी के बाइक से कलक्ट्रेट पहुंचने की चर्चा पूरे परिसर में रही। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक में स्पष्ट कहा कि जब सरकार और प्रशासन जनता से ईंधन बचाने की अपील कर रहे हैं, तब सबसे पहले जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को उदाहरण पेश करना होगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार पूलिंग अपनाने, छोटी दूरी के लिए वैकल्पिक साधनों का प्रयोग करने और जहां संभव हो, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने आमजन से भी यही अपील की है।

**लागू किया जा सकता है वर्क फ्रॉम होम**

प्रशासन अब कार्यालयी कार्यशैली में भी बदलाव की तैयारी कर रहा है। बड़े मामलों को छोड़कर बैठकों को ऑनलाइन करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि अनावश्यक आवाजाही कम हो सके। दिल्ली में सरकारी दफ्तरों में दो दिन वर्क फ्रॉम की घोषणा के बाद गाजियाबाद में भी सप्ताह में एक या दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू करने की संभावना तलाशी जा रही है। आने वाले कुछ दिनों में यह व्यवस्था लागू हो सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शासन स्तर से निर्देश मिलते हैं तो प्रशासन इस व्यवस्था के लिए तैयार है। अभी अकारण छोटे मामलों में स्टाफ को दूर से न बुलाने के निर्देश दिए गए हैं।



**आने वाले कुछ दिनों में यह व्यवस्था लागू हो सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शासन स्तर से निर्देश मिलते हैं तो प्रशासन इस व्यवस्था के लिए तैयार है। अभी अकारण छोटे मामलों में स्टाफ को दूर से न बुलाने के निर्देश दिए गए हैं।**

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर करने के लिए विभागों से होगा संवाद**

मौजूदा परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में गाजियाबाद प्रशासन का लोगों व कर्मचारियों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने के लिए कहना एक व्यावहारिक कदम माना जा रहा है। हालांकि, शहर में सार्वजनिक परिवहन की सीमित व्यवस्था अभी बड़ी चुनौती बनी हुई है। दिल्ली से जुड़े मेट्रो और नमो भारत कॉरिडोर को छोड़ दें तो शहर के अधिकांश हिस्सों में लोगों की निर्भरता निजी वाहनों पर ही है। ई-बसों की संख्या भी जरूरत के मुकाबले कम मानी जा रही है।


## संक्षिप्त खबरें

### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 9.12 लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** साइबर ठगों ने निजी कंपनी में काम करने वाले चंदन कुमार सिंह को मुनाफे का झांसा देकर फर्जी मोबाइल एप पर शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर 9.12 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि इंद्रापुरम के ज्ञान खंड द्वितीय निवासी चंदन कुमार सिंह के मुताबिक नवंबर 2025 को उनके पास अनजान कॉल आया। जिसने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर 30 से 40 प्रतिशत मुनाफा होगा। ठग के झांसे में आकर उन्होंने मोबाइल फोन में एक एप डाउनलोड कर सात नवंबर से 24 दिसंबर 2025 तक नौ लाख 12 हजार रुपये शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर दिए। जब उन्होंने धनराशि निकालने का प्रयास किया तो अतिरिक्त देय के रूप में पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित ने साइबर थाने में ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### टीओडी प्लान पर विकास ने पकड़ी रफ्तार, बिल्डरों ने शुरू किया काम

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 16 मई।** ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) योजना के तहत वसुंधरा सेक्टर-7 में बिल्डरों ने काम शुरू कर दिया है। आवास विकास परिषद ने यहां 20-20 हजार वर्ग मीटर के तीन प्लॉट काटे हैं। तीनों प्लॉट के लिए अलग-अलग बिल्डरों ने परिषद में कुछ पैसा जमा करके बुकिंग लेनी भी शुरू कर दी है। इंदिरापुरम थाने के पीछे गगनचुंबी इमारतों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के अंतर्गत आरआरटीएस के 800 मीटर की दूरी पर मिश्रित भू योजना के तहत सोसायटी विकसित की जानी है। वसुंधरा सेक्टर-7 और 8 जनपद की पहली ऐसी जगह होगी जहां टीओडी के तहत सोसायटी विकसित की जानी है। वसुंधरा सेक्टर-7 में परिषद ने तीन प्लॉट काटे हैं, जो 20-20 हजार वर्गमीटर के हैं। इस जमीन पर एम्स सेटेलाइट सेंटर के लिए भी करीब नौ हजार वर्ग मीटर जमीन परिषद ने आरक्षित की है। परिषद सेटेलाइट सेंटर की जमीन की कीमत शासन और एम्स प्रबंधन को पहले ही भेज चुकी है।



इंग्लैंड के बर्मिंघम में एस्टन विला और लिवरपूल के बीच हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग सॉकर मैच के दौरान, लिवरपूल के वर्जिल वैन डाइक (आगे) एस्टन विला के मॉर्गन रोजर्स को गेंद से रोकने की कोशिश करते हुए।

# फातिमा सना ने रचा इतिहास, महिला टी20 इंटरनेशनल में लगाया सबसे तेज अर्धशतक



**कराची, यूटर्न/ 16 मई।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने इतिहास रच दिया है। फातिमा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाया। वह महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं।

फातिमा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 19 गेंदों का सामना करते हुए 62 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 2 छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 326 का रहा। फातिमा ने सोफी डिवाइन, फोएबे लिचफील्ड और ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। सना 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरीं और उन्होंने क्रीज पर आते के साथ ही चौके-छक्कों की बरसात कर डाली। उन्होंने मिशेल मावुंगा की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। सना ने पारी के 19वें ओवर में जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए नोमवेलो सिबांडा के खिलाफ 24 रन बटोरे। इस ओवर में सना ने तीन चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान की तूफानी पारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोरबोर्डपर 223 रन लगाए, जो महिला टी20 इंटरनेशनल में टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, सीरीज के पहले टी20 में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे, जो इस फॉर्मेट में टीम का सबसे बड़ा टोटल है। सना के अलावा पाकिस्तान की ओर से सायरना जबीन ने 32 गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि आयशा जफर ने 28 गेंदों में 45 रनों का योगदान दिया। फातिमा सना से पहले महिला टी20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान की ओर से सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने साल 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 20 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। साल 2026 में सना की हालिया फॉर्म कमाल की रही है। वह पाकिस्तान की ओर से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में इस साल सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही हैं। पांच पारियों में सना 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 229 रन बना चुकी हैं। पाकिस्तान से मिले 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की पूरी टीम सिर्फ 90 रन बनाकर ढेर हो गई और मेजबान टीम ने मैच को 133 रनों से अपने नाम किया।

## कार्लो एंसेलोटी अगले चार साल तक ब्राजील फुटबॉल टीम के मुख्य कोच रहेंगे : सीबीएफ

» **रियो डी जनेरियो, यूटर्न/ 16 मई।**

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने इटली के कार्लो एंसेलोटी को साल 2030 सत्र तक लिए राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनाया है। सीबीएफ ने एंसेलोटी के अनुबंध को अगले चार साल तक के लिए बढ़ा दिया है। एंसेलोटी साल 2025 में टीम से जुड़े थे। उनके मार्गदर्शन में टीम ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई किया था। विश्वकप अगले माह 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होना है। अनुबंध बढ़ाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए, एंसेलोटी ने कहा, मैं एक साल पहले ब्राजील आया था और पहले मिनट से ही यह समझ गया था कि इस देश के लिए फुटबॉल का क्या महत्व है। हम एक साल से ब्राजीलियन नेशनल टीम को दुनिया के शीर्ष पर वापस लाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, सीबीएफ और मैं अभी और जीत, समय और कड़ी मेहनत चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम अगले चार साल तक, यानी 2030 विश्व कप तक साथ रहेंगे। मैं सीबीएफ को उनके भरोसे के लिए और ब्राजील को इतने शानदार स्वागत और प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। वहीं सीबीएफ के प्रेसिडेंट समीर जौद ने इस अनुबंध बढ़ाये जाने को एक ऐतिहासिक दिन करार दिया। उन्होंने कहा, एंसेलोटी का करार बढ़ाना राष्ट्रीय टीम को एक मजबूत, आधुनिक और प्रतिस्पर्धी कोच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को बढ़ाने की दिशा में एक और अहम कदम है।

## कमिंस ने अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के बीबीएल छोड़ने के दावों को आधारहीन बताया

» **सिडनी, यूटर्न/ 16 मई।**



ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि पैसों के लालच में कोई भी क्रिकेटर बिग बैश लीग (बीबीएल ) छोड़कर दक्षिण अफ्रीका की एसए टी20 लीग नहीं खेलने जा रहा। कमिंस का ये बयान एक रिपोर्ट के आधार पर आया है। इसमें दावा किया गया है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) तेजी से बढ़ते टी20 बाजार के हिसाब से खिलाड़ियों के वेतन में सुधार करने में असफल रहा है। इसी कारण कई बड़े खिलाड़ी घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) छोड़ सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि ऑस्ट्रेलिया के बड़े मल्टी-फॉर्मेट स्टार खिलाड़ी विदेशी फ्रैंचाइजी लीग में लगभग 1 मिलियन डॉलर तक कमा रहे हैं, जो वर्तमान बीबीएल अनुबंध से काफी अधिक है। साथ ही इसमें चेतावनी भी दी गई थी कि अगर वेतन का यह अंतर बढ़ता रहा, तो सीए के लिए अपने बड़े खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखना कठिन हो सकता है। कमिंस ने सार्वजनिक तौर पर इन दावों को खारिज कर दिया। कमिंस ने सोशल मीडिया में लिखा, एस20 के लिए एनओसी और द हंड्रेड लीग के प्रस्वाव के बारे में आपने मेरे बारे में जो कुछ भी लिखा है, वह सब गलत है। इस रिपोर्ट में आगे यह भी दावा किया गया था कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क से इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग ने संपर्क किया था और उन्हें लगभग 800,000 डॉलर के ऑफर दिए थे।

# बॉलीबुड में ग्लेमर का तड़का

जेनिफर विंगेट



प्रज्ञा जायसवाल



## फटाफट खबरें

### बंगलादेश में खसरे से मरने वालों की संख्या 450 पहुंची



**ढाका, यूटर्न/ 16 मई।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में खसरे और खसरे जैसे लक्षणों के कारण 12 और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे मरने वालों की आधिकारिक संख्या बढ़कर 450 तक पहुंच गई है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि मरने वालों की वास्तविक संख्या दर्ज की गई संख्या से कहीं अधिक हो सकती है, क्योंकि संक्रमण के मामलों की रिपोर्टिंग बहुत कम हुई है, खासकर अंदरूनी इलाकों में। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इसी अवधि के दौरान खसरे जैसे लक्षणों वाले 1,192 मरीजों को देश भर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से 111 मामलों की प्रयोगशाला जांच में खसरा होने की पुष्टि हुई। खसरे के कारण 74 से अधिक बच्चों की मौत हुई है, जबकि 377 से अधिक बच्चों की मौत खसरे से जुड़े लक्षणों के कारण हुई है। डीजीएचएस के आंकड़ों से पता चलता है कि 15 मार्च से 15 मई के बीच, दो महीनों की अवधि में प्रयोगशाला जांच के माध्यम से खसरे के 7,416 मामलों की पुष्टि हुई। महानिदेशालय द्वारा जारी नवीनतम स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, देश भर में इस बीमारी के 55,611 संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है, जिनमें से 36,055 मरीजों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। इस बीमारी का सबसे बुरा असर ढाका संभाग पर पड़ा है, जबकि राजशाही, चट्टोग्राम और खुलना संभागों में भी संक्रमण के गंभीर मामले सामने आए हैं।

### रूस ने भारत को तेल की आपूर्ति बढ़ा दी हैः लावरोव

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच रूस ने भारत को तेल की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि ईरान-अमेरिका युद्ध में भारत एक बेहतर मध्यस्थ हो सकता है क्योंकि उसके पास व्यापक कूटनीतिक अनुभव और प्रभाव है। ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत आए श्री लावरोव ने शुक्रवार को राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत को तेल आपूर्ति के मुद्दे पर कहा, 'यह कोई गुप्त डेटा नहीं है, यह वैश्विक मीडिया में प्रकाशित हुआ है और यह दर्शाता है कि भारत को तेल की आपूर्ति बढ़ी है। यह हम पर निर्भर नहीं करता है, यह अधिक ऊर्जा की आपूर्ति के लिए भारतीय विक्रेताओं के अनुरोधों पर निर्भर करता है। हम इसी तरह आगे बढ़ रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने रूसी तेल आयात पर छूट के विस्तार के लिए अमेरिका से संपर्क किया है, क्योंकि ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में संकट पैदा हो गया है। वर्तमान अमेरिकी छूट 16 मई तक मान्य है। अमेरिका ने भारत से रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीद कम करने को कहा है।

# ट्रंप को विदा किए 24 घंटे भी नहीं हुए और चीन ने कर दिया पुतिन के दौरे का ऐलान

» **बीजिंग, यूटर्न/ 16 मई।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से रवाना हुए 24 घंटे भी नहीं बीते कि बीजिंग ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आधिकारिक यात्रा का ऐलान कर दिया। चीनी और रूसी विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी।

आधिकारिक एक्स पोस्ट में चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बुलावे पर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 19 से 20 मई तक चीन के राजकीय दौरे पर आएंगे।

वहीं, क्रेमलिन ने भी शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। उनके मुताबिक इस यात्रा के दौरान पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कई अहम वैश्विक और रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक ऐसे समय हो रही है, जब दुनिया अमेरिका-ईरान तनाव, यूक्रेन



युद्ध और ताइवान विवाद जैसे बड़े भू-राजनीतिक संकटों से गुजर रही है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि पुतिन का यह दौरा 19-20 मई को तय किया गया। उन्होंने आगे कहा कि चीन-रूस मैत्री संधि की 25वीं सालगिरह के मौके पर ये दौरा हो रहा है। 2001 में दोनों के बीच सहमति बनी थी। क्रेमलिन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों नेता रूस और चीन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर बातचीत करेंगे। वैश्विक सुरक्षा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति, ऊर्जा सहयोग, व्यापार और पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते तनाव जैसे मुद्दों पर पूरा जोर होगा। रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत के बाद दोनों देश एक साझा घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर कर सकते हैं।

पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। बैठक में आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है।

दरअसल, पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस की अर्थव्यवस्था के लिए चीन एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। चीन फिलहाल रूसी तेल और गैस का सबसे बड़ा खरीदार माना जाता है, जिससे मास्को को अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच आर्थिक राहत मिल रही है। यह घोषणा यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के चीन का अपना दौरा खत्म करने के 24 घंटे से भी कम समय बाद की गई। अमेरिका ने ट्रेड और ईरान संघर्ष को लेकर गहन विमर्श किया था।

जब सितंबर 2025 में पुतिन चीन गए, तो शी ने अपने समकक्ष का 'पुराने दोस्त' के तौर पर स्वागत किया। पुतिन ने भी शी को 'प्यारा दोस्त' से संबोधित किया था।

## कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 65 लोगों की मौत

» **किंशासा, यूटर्न/ 16 मई।**

दुनिया अभी अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों से उबर ही रही थी कि इस बीच इबोला वायरस ने एक बार फिर पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। अफ्रीका की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था अफ्रीका सीडीसी ने कांगो के इतुरी प्रांत में इबोला फैलने की पुष्टि की है। इस खतरनाक बीमारी की चपेट में आने से अब तक 65 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 246 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले मोंगवालु और रवामपारा हेल्थ जोन में दर्ज किए गए हैं, जिनमें से चार मामलों की प्रयोगशाला में पुष्टि हो चुकी है। इबोला एक बेहद संक्रामक और जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित व्यक्ति के खून, उल्टी और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों के सीधे संपर्क में आने से फैलती है।

## अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस ने शुरू किया समर रीडिंग चैलेंज, बच्चों में पढ़ने की आदत बढ़ाने में जुटीं

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 16 मई।**

बच्चों में पढ़ाई-लिखाई को बढ़ावा देने की अपनी कोशिश के तहत, अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस ने फ्लोरिडा के एक चार्टर स्कूल का दौरा किया। यहां उन्होंने देशभर के स्टूडेंट्स के लिए अपने समर रीडिंग चैलेंज के बारे में बताया।



फ्लोरिडा के डोरल में एकेडमिर एकेडमी चार्टर स्कूल ईस्ट के अपने दौरे के दौरान, सेकंड लेडी ने स्टूडेंट्स को एंड्रिया बीटी की लिखी किताब एडा ट्विस्ट द साइंटिस्ट पढ़कर सुनाई। उन्होंने पढ़ने की अहमियत के बारे में भी बताया और बच्चों और फैकल्टी मेंबर्स के सवालों के जवाब दिए। उषा वेंस ने कहा, 'मियामी में इतने सारे कमाल के बच्चों से मिलना और उनके साथ पढ़ने का हुनर शेयर करना बहुत खुशी की बात थी। मुझे उन्हें अपने आने वाले समर रीडिंग चैलेंज और पिछले साल के चैलेंज के बाद से किए गए मजेदार अपडेट्स के बारे में बताना बहुत अच्छा लगा। मैं इस गर्मी में देश भर के बच्चों की कहानियों के जरिए सीखने और आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' स्कूल अधिकारियों ने कहा कि इस दौरे में पढ़ाई-लिखाई, शिक्षा और स्टूडेंट डेवलपमेंट पर फोकस किया गया। ओलिविया बर्नल ने कहा, 'आज का दौरा खास तौर पर इसलिए मायने रखता है क्योंकि हम सेकंड लेडी के समर रीडिंग इनिशिएटिव के जरिए लिटरेसी, लर्निंग और शिक्षा की ट्रांसफॉर्मेटिव पावर के समर्थन में एक साथ आ रहे हैं। एकेडमिर चार्टर स्कूल्स में, हमारा मानना है कि पढ़ने से इमैजिनेशन, मौके और जिंदगी भर की सफलता के दरवाजे खुलते हैं। हमें इस जरूरी पहल का समर्थन करने पर गर्व है और हम अपने स्टूडेंट्स को जिंदगी भर पढ़ने वाले, क्रिटिकल थिंकर और फ्यूचर लीडर बनने के लिए इंस्पायर करने के लिए कमिटेड हैं।' समर रीडिंग चैलेंज, वेंस के बड़े चाइल्डहुड लिटरेसी इनिशिएटिव का हिस्सा है। द सेकंड लेडी ने हाल ही में एक पॉडकास्ट 'स्टोरीटाइम विद द सेकंड लेडी' लॉन्च किया है, जिसमें गेस्ट और सेलिब्रिटी बच्चों की कहानियां जोर से पढ़ते हैं। हाल के गेस्ट में पूर्व एनएएससीएआर ड्राइवर डैनिका पैट्रिक, एक्टर चेरिल हाइन्स, इंटर मियामी सीएफ प्लेयर इयान फ्रे और वेंस की मां, लक्ष्मी चिलुकुरी शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि समर रीडिंग चैलेंज के बारे में और जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है।

## ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं हैः अब्बास अराघची

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 16 मई।**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को अमेरिका पर 'कोई भरोसा नहीं' है और वह अमेरिका के साथ केवल तभी बातचीत करेगा जब वह वास्तव में वार्ता को लेकर गंभीर होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में श्री अराघची ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध करने वाले जहाजों को छोड़कर अन्य सभी जहाज इस महत्वपूर्ण जलमार्ग से गुजर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जो जहाज वहां से गुजरना चाहते हैं, उन्हें ईरानी नौसेना के साथ समन्वय करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस जलमार्ग के आसपास की स्थिति 'बेहद जटिल' है। श्री अराघची ने कहा कि अमेरिका के 'विरोधाभासी संदेशों' ने ईरान को बातचीत करने के प्रति अनिच्छुक बना दिया है, क्योंकि बातचीत को लेकर अमेरिका के वास्तविक इरादों पर संदेह बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान द्वारा की जा रही मध्यस्थता की प्रक्रिया विफल नहीं हुई है, बल्कि इसे 'कठिनाई' का सामना



करना पड़ रहा है।

यहां आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से श्री अराघची ने कहा कि ईरान युद्धविराम को बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है ताकि कूटनीति को एक मौका दिया जा सके, लेकिन वह फिर से लड़ाई शुरू करने के लिए भी पूरी तरह तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री का शुक्रवार को यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के कुछ घंटे बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान को लेकर उनका धैर्य समाप्त हो रहा है और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में वह इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान को इस जलडमरूमध्य को अवश्य खोलना चाहिए।

## पेंटागन ने पोलैंड में 4,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों को तैनात करने की योजना रद्द की

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 16 मई।**

पेंटागन ने अमेरिका में तैनात 4,000 से अधिक सैनिकों को अस्थायी रूप से पोलैंड भेजने की योजना रद्द कर दी है। कई अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इसके साथ ही

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सेना के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ क्रिस्टोफर ला नेव ने शुक्रवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान बताया कि अमेरिकी यूरोपीय कमान के



प्रमुख को 'सैन्य बलों में कटौती के निर्देश प्राप्त हुए थे।'

ला नेव ने कहा, 'मैंने उनके साथ करीबी परामर्श में इस बात पर काम किया कि कौन-सी सैन्य इकाई इसमें शामिल होगी और यह निर्णय लिया गया कि उस ब्रिगेड के लिए थिएटर में तैनाती न करना सबसे उपयुक्त होगा।' वह सेकेंड आर्मर्ड ब्रिगेड काम्बेट टीम का जिक्र कर रहे थे। जनरल ने बताया कि यूनिट के कुछ हिस्सों को पहले ही विदेश भेजा जा चुका था और उसका सैन्य उपकरण रास्ते में था। तैनाती रद्द करने का आदेश अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय से आया था। हालांकि, इस बारे में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति में शामिल डेमोक्रेट सदस्य जीन शाहीन ने कहा कि कांग्रेस को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'जहां तक मुझे जानकारी है, हमें इसके बारे में सूचित नहीं किया गया था।'

पेंटागन ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि अगले छह से 12 महीनों में जर्मनी से लगभग 5,000 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाया जाएगा। इस महीने की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली के मीडिया से कहा था कि वह अभी भी इटली में स्थित सैन्य अड्डों से सैनिकों को हटाने पर 'विचार कर रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि 'जब हमें जरूरत थी, तब इटली हमारे साथ नहीं था।' स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *